खट्टे-मीठे अनुभव के साथ सोनिया गांधी ने राजनीति से सन्यास लिया

2004 और 2009 में पार्टी का परफॉर्मेंस या मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाने का मेरा निर्णय, व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिये संतोषजनक

- खड़गे ने फिर कहा, वो हाथ जोड़कर बस्ती को लूटने वाले, भरी सभा में सुधारों की बात करते हैं।
- राहुल गांधी को करोड़ों लोगों की उम्मीद बताते हुए कहा, देशवासियों की टूटती उम्मीदों के बीच रोशनी और संघर्ष की नयी मशाल जलाई।

रायपुर, 25 फरवरी (का.प्र.)। छत्तीसगढ़ की राजधानी में कांग्रेस के 85वें अधिवेशन में पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान अपने भाषण में राजनीति से सन्यास लेने की ओर इशारा करते हुए कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के साथ ही मेरी राजनीतिक पारी अब अंतिम पड़ाव पर है।

सोनिया ने पहली बार पार्टी अध्यक्ष की कुर्सी संभालने से लेकर अब तक आए उतार-चढ़ाव को लेकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि 1998 में जब मैं पहली बार पार्टी अध्यक्ष बनी तब से लेकर आज तक यानी पिछले 25 सालों में बहुत कुछ अच्छा और कुछ बुरा अनुभव भी रहा।

2004 और 2009 में पार्टी का परफॉर्मेंस हो या फिर मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री बनाने का मेरा निर्णय, यह व्यक्तिगत तौर पर मेरे लिए संतोषजनक रहा। इसके लिए पार्टी कार्यकर्ताओं का मुझे पूरा सहयोग मिला। जिस बात से मुझे सबसे ज्यादा संतुष्टि है, वह ये कि भारत जोड़ो यात्रा के साथ अब मेरी पारी समाप्त हो सकती है। ये पार्टी के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

इससे पहले अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने एक बार फिर कविता पढ़ी जिसे सदन की कार्यवाही से डिलीट कर दिया गया था।

उन्होंने बताया कि इसी कविता को असंवैधानिक बताते हुए उनकी सैलरी भी काट ली गई।

खड़गे ने कहा कि "नज़र नहीं है नज़ारों की बात करते हैं, जमीं पर चांद सितारों की बात करते हैं। वो हाथ जोड़कर बस्ती को लूटने वाले, भरी सभा में सुधारों की बात करते हैं। बड़ी हसीन है उनकी जबान, कि लगाकर आग बहारों की बात करते हैं।

उन्होंने पूछा कि बताइए क्या गलत है, इस कविता में, फिर कहा कि ठीक है अगर आप संसद में नहीं पढ़ने देंगे तो हम लोगों के बीच जाकर पढ़ेंगे। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अडानी का नाम लिए बगैर उनकी दोस्ती पर कई तंज कसे।

अपने संबोधन में खड़गे ने करीब 4 मिनट तक राहुल की तारीफ की और उन्हें भारत के भविष्य की उम्मीद बताया।

उन्होंने कहा राहुल गांधी को धन्यवाद देना चाहूंगा कि वे करोड़ों लोगों की उम्मीद हैं।

उन्होंने देशवासियों की टूटती उम्मीदों के बीच रोशनी और संघर्ष की नयी मशाल जलाई है। भारत जोड़ो यात्रा, देश में फैले अंधकार के बीच उम्मीदों के सूरज का नाम है। राहुल जी ने असंभव को संभव कर दिखाया। न आंधी की परवाह की ना बरसात, न बवंडर की चिंता की।

भारत जोड़ो में करोड़ों लोग आपके साथ चले। मैं आशा करता हूं कि भविष्य में भी राहुल इसी तरह मार्गदर्शन करते रहें।

अधिवेशन...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

के लिए कोई कम्प्यूटर नहीं था। यह संभवत: पहली बार है कि नेताओं, मीडिया, पी.सी.सी. सदस्यों व अन्य प्रतिनिधियों के लिए किए जाने वाले प्रबन्धों में इतनी जबर्दस्त गलतियां हुईं।

मुख्यमंत्री ने पार्टी के शीर्ष नेताओं के लिए तो लाल कालीन बिछा दिए उनका जोरदार स्वागत किया और बेहतरीन इंतज़ाम किए। पिछले लम्बे समय से यह शायद सर्वाधिक अव्यवस्थित महाधिवेशन था।

रोहिंग्या...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

रोहिंग्या अब्दुल गफूर ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर पासपोर्ट बनाया था जो फर्जी पाए जाने पर निरस्त कर दिया गया है।

'राजस्थान में पेपर लीक सिस्टम का हिस्सा बन गया है'

जयपुर 25 फरवरी। राज्य में रीट पेपर लीक की घटना पर केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मुख्यमंत्री पर तंज कसा और कहा कि पेपर लीक तो मानो अब राजस्थान के सिस्टम का हिस्सा बन गया है।

सोशल मीडिया पर शनिवार को एक एंबुलेंस का फोटो साझा करते हुए शेखावत ने कहा कि, दो दिन पहले की इस तस्वीर में एंबुलेंस में लेटी एक बहन है, जो अपने बच्चे को जन्म देने के बाद रीट की परीक्षा देने बड़ी उम्मीद से गई

- केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने जोधपुर के मैरिज गार्डन में पेपर सॉल्व कर रहे अभ्यर्थी पकड़े जाने के मामले में मु.मंत्री गहलोत पर कटाक्ष किया।

थी। इसी तरह हजारों अभ्यर्थी तमाम दुख-तकलीफों और आर्थिक-शारीरिक परेशानियों से जूझते हुए भर्ती परीक्षाओं में शामिल होते हैं, लेकिन मु.मंत्री को यह दिखाई नहीं देता। उन्होंने कहा कि, पेपर लीक तो मानो अब राजस्थान के सिस्टम का हिस्सा बन गया है। जोधपुर में मैरिज गार्डन में पेपर हल कर रहे अभ्यर्थियों के पकड़े जाने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि, गहलोत जी नई योजना, अब मैरिज गार्डन का इस्तेमाल भर्ती परीक्षा शुरू होने से पहले प्रश्न पत्र हल के लिए किया जाएगा।

जोधपुर में रीट मुख्य परीक्षा पेपर लीक की अफवाह

जोधपुर पुलिस ने 29 अभ्यर्थियों सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया

- पुलिस ने बताया कि, जो पेपर जब्त हुआ है, वह मूल प्रश्न पत्र से एक दम अलग है।
- पुलिस ने एक सूचना के आधार पर उदयगढ़ मैरिज होम में सुबह 5.30 बजे दबिश देकर पेपर सॉल्व करते 29 अभ्यर्थियों व 5 आरोपियों को पकड़ा, उनके पास से लैपटॉप, मोबाइल, प्रिंटर व पेपर जब्त किए गए।

जोधपुर, 25 फरवरी (कासं)। जोधपुर शहर में रीट मुख्य भर्ती परीक्षा का आयोजन आज से शुरू हो गया। प्रथम लेवल की परीक्षा में पुलिस ने शनिवार को एक नकल गिरोह को पकड़ा। गिरोह से लेपटॉप, मोबाइल आदि सामग्री को जब्त किया गया है।

बनाड़ थाना इलाके में स्थित उदयगढ़ मैरिज होम में बनाड़ पुलिस ने पेपर हल होने की सूचना पर शनिवार सुबह 5.30 बजे दबिश दी। और 5 आरोपियों और 29 अभ्यर्थियों को पेपर हल करते हुए डिटेन किया। जोधपुर पुलिस कमिश्नर रवि दत्त गौड़ ने बताया कि अभ्यर्थियों से सौदा किया गया था और दावा किया था कि जो पेपर आने वाला है उसी को हल कराया जा रहा है। कमिश्नर ने बताया कि सुबह की पारी में हुए पेपर के 300 प्रश्नों में से कोई भी प्रश्न जब्त पेपर से मैच नहीं हुआ। सूत्रों के मुताबिक आरोपियों ने किसी से 10 लाख में पेपर खरीदा था और अभ्यर्थियों से सौदेबाजी कर पेपर हल करवा रहे थे। हांलांकि किसी तरह के लेन-देन की बात सामने नहीं आई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

इधर उदयगढ़ मैरिज होम के मालिक जितेंद्र ने बताया कि सुबह 5.30 बजे मैरिज होम का पिछला दरवाजा तोड़कर सिविल ड्रेस में 30-40 पुलिसकर्मी अंदर घुसे। उन्होंने लोगों से मारपीट करना शुरू कर दिया। यहां शुक्रवार रात शादी समारोह था। समारोह में शामिल कुछ लोगों को भी पीटा।

बनाड़ पुलिस थाना इंचार्ज सीताराम खोजा ने मामले की जानकारी दी कि आज शनिवार 25 फरवरी को रीट मुख्य परीक्षा 2023 प्रथम लेवल का पेपर लीक कराने व सॉल्व कराने की सूचना मिली। इस पर गिरोह के खिलाफ कार्यवाही के लिए टीम भेजी गई। टीम ने उदयगढ़ मैरिज होम पेपर सॉल्व कर रहे 19 पुरुष व 10 महिला अभ्यर्थियो को तथा उन्हे उत्तर कुंजी पढ़ाते हुए गिरोह के 5 सदस्यों को दस्तयाब किया गया। आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप, प्रिंटर व कुछ मोबाइल बरामद किए गए। लैपटॉप में एक प्रश्न पत्र का पीडीएफ मिला है। साथ ही अभ्यर्थियों को उत्तर लिखवाए हुए सफेद कागज मिले हैं। पूछताछ में गिरोह के कुछ सदस्यों ने बताया कि अभ्यर्थियों से पैसे लिए गए थे। डिटेन किए गए अभ्यर्थियों को पुलिस बनाड़ थाने ले गई। वहां से परीक्षा समन्वयक जिला जोधपुर को जानकारी दी गई। इसके बाद सभी 29 अभ्यर्थियों को पुलिस सुरक्षा में उनके परीक्षा केंद्रों तक भिजवाया गया।

मंडोर के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल, बालसमंद के परीक्षा सेंटर पर सुबह 8:30 बजे प्रवेश बंद हो चुका था। लेकिन पुलिस एक घंटे बाद सुबह 9:35 बजे एक महिला अभ्यर्थी को लेकर सेंटर पहुंची और मंडोर थाना इंचार्ज मनीष देव के कहने पर सेंटर पर सुबह 10.10 बजे महिला अभ्यर्थी को एंट्री दे दी गई। इसका जमकर विरोध हुआ।

स्टियरिंग...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

होगी।

दूसरा संशोधन यह होगा कि, 1 जनवरी 2025 से कांग्रेस में अब पेपर मैंबरशिप नहीं होगी, सिर्फ डिजिटल मैंबरशिप होगी। वहीं, अब कांग्रेस की इकाईयों में संशोधन किया जाएगा। अब कांग्रेस के सदस्यता फार्म में थर्ड जैंडर, ट्रांस जैंडर की चर्चा होगी। अब फार्म में मां और पत्नी का नाम भी लिखा जाएगा। ब्लाक, जिला एवं प्रदेश स्तर पर जहां भी कांग्रेस के जनप्रतिनिधि चुने हुए हैं, वे सभी पार्टी में अलग-अलग स्तर पर डैलिगेट्स होंगे। पार्टी में हुए इन संशोधनों को लेकर पार्टी नेताओं का कहना है कि, कांग्रेस भविष्य की सोच रखने वाली पार्टी है। कांग्रेस ही वह पार्टी थी जिसने कम्प्यूटर युग के बारे में बात की। राजीव गांधी यह क्रांति लाए थे, तो आज पूरा देश उस आधुनिकता के युग को जी रहा है। ठीक इसी तरह देश की जरूरतों को समझ कर कांग्रेस इस अधिवेशन में इस तरह की रणनीतियां तैयार कर रही है जिससे आने वाले समय में दलित शोषित पिछडे वर्ग के लोगों का भी भला हो। कांग्रेस पार्टी किसी एक उद्योगपति के लिए काम नहीं करना चाहती बल्कि हम चाहते हैं कि हर गांव-गांव तालुका से उद्योगपति लोग निकलें, कृषि आधारित उद्योगों का विकास हो, इसी दिशा में कांग्रेस बढ़ रही है।

हर्ष देव सिंह ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उनके हितों का संरक्षण होगा और उधमपुर में मिले 59 लाख टन लीथियम भंडार से जम्मू का विकास होगा। अंकित ने कहा हर्ष जब शिक्षा मंत्री थे तब उन्होंने जम्मू से 10,000 स्कूल बनवाए और 22 डिग्री कॉलेज बनवाए।

क्या कांग्रेस ने विपक्ष के गठबंधन के नेतृत्व ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

केजरीवाल, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, स्टालिन, तेलंगाना के चन्द्रशेखर राव, पंजाब के मुख्यमंत्री आर.जे.डी. के तेजस्वी यादव, जो कि बिहार के उप मुख्यमंत्री हैं।

इन नेताओं ने कांग्रेस को संदेश दे दिया है कि वे विपक्ष की एकता को लेकर गंभीर हैं और कांग्रेस यदि उनके गठबंधन में शामिल होना चाहती है तो उसे उनके गठबंधन के पास आकर उनके साथ विचार-विमर्श करना होगा।

विपक्ष के सूत्र कहते हैं कि यदि कांग्रेस भाजपा को हटाना चाहती है और बातचीत करना चाहती है तो उसे अपना अभिमानी रवैया त्यागकर वास्तविक मांगों और उम्मीदों के साथ धरातल पर आना होगा।

कांग्रेस के साथ समस्या यह है कि विपक्ष शासित कई राज्यों में उसकी पार्टी के लोग राज्य विशेष में सत्तारूढ़ किसी पार्टी के साथ किसी प्रकार का गठजोड़ करने के खिलाफ हैं।

खासतौर पर, दिल्ली में जहां कांग्रेस केजरीवाल के पूर्ण खिलाफ है। पश्चिम बंगाल में पार्टी के लोग ममता बनर्जी के साथ कोई सौदेबाजी करना नहीं चाहते।

तेलंगाना में भी स्थिति ऐसी है, जहां सत्तारूढ़ टी.आर.एस. की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस है। पंजाब की भी यही कहानी है।

कुछ गठबंधनों की योजना बनाना कांग्रेस के लिए मुश्किल है। उसे इनमें से कुछ राज्यों में एक जूनियर पार्टनर बनना होगा।

पार्टी प्रत्येक राज्य पर एक अलग तरीके से गौर करेगी क्योंकि राष्ट्रीय गठबंधन नहीं हो सकता, केवल राज्यवार ही विचार-विमर्श और निर्णय हो सकते हैं।

ज्ञातव्य है कि चुनाव रणनीतिकार पी.के. ने कांग्रेस को सुझाया था कि करीब 300 सीटें ऐसी हैं, जहां भाजपा और अन्य विपक्षी पार्टियों के बीच सीधी टक्कर है, लेकिन इसके लिए विपक्षी दलों के नेताओं को अपना अहम त्यागना होगा, बड़े समझौते करने होंगे और बहुत कुछ लेन-देन करना होगा। इससे अन्ततः विपक्ष को भाजपा का मुकाबला करने, उसे मुश्किल में डालने और संभवतः उसे सत्ता से हटाने में मदद मिलेगी।

फिलहाल तो ऐसे किसी गठबंधन का परिदृश्य दूर-दूर तक दिखाई नहीं दे रहा।

और चूंकि कांग्रेस एक अखिल भारतीय पार्टी है और विपक्ष की सबसे बड़ी पार्टी है, इसलिये उसके बिना विपक्ष का गठबंधन अधूरा ही होगा।

बाइडन ने यूक्रेन को एफ-16 लड़ाकू विमान देने से मना किया

वाशिंगटन, 25 फरवरी (वार्ता)। राष्ट्रपति जो बाइडन ने अमेरिका द्वारा यूक्रेन को एफ-16 लड़ाकू विमान उपलब्ध कराने की संभावना से फिलहाल इंकार किया है।

बाइडन ने शुक्रवार को एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को अभी एफ-16 की आवश्यकता नहीं है। अमेरिकी राष्ट्रपति का यह बयान कीव द्वारा एफ-16 लड़ाकू विमानों की आपूर्ति किए जाने के अनुरोध के बाद आया है। उन्होंने साक्षात्कार के दौरान यह भी कहा कि अमेरिका, यूक्रेन को फिलहाल वही सामग्री प्रदान कर रहा है।

सोलर उद्योगपतियों ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जैसा कि विदित है, वर्ष 2019 में राजस्थान सरकार ने नई सोलर पॉलिसी का गठन किया था, जिसमें स्पष्ट लिखा था कि, छत पर सोलर पावर प्लांट लगाने वाले उद्योगपतियों को अगले 7 वर्ष तक "इलैक्ट्रिसिटी ड्यूटी" नहीं देनी पड़ेगी।

परन्तु अपनी ही सोलर नीति के खिलाफ जाते हुए राजस्थान ऊर्जा विकास निगम और डिस्कॉम के चेयरमैन ने 30 जून 2021 में याचिकाकर्ताओं से "इलैक्ट्रिसिटी ड्यूटी" वसूलने के आदेश जारी किए। जिसके खिलाफ याचिकाकर्ताओं ने अदालत की शरण ली। राजस्थान सरकार द्वारा जारी सोलर पॉलिसी-2019, की अवहेलना, न केवल जयपुर बल्कि अन्य शहर जैसे-जोधपुर व कोटा में भी हुई है।

जिस पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने पूर्व में भी याचिकाकर्ताओं को राहत दी है और "इलैक्ट्रिसिटी ड्यूटी" वसूलने पर रोक लगाई है।

इस मामले में अदालत ने राज्य सरकार के वित्त विभाग के प्रमुख शासन सचिव तथा ऊर्जा विभाग के सचिव, डिस्कॉम्स चेयरमैन और राजस्थान ऊर्जा विकास निगम के प्रबंध निदेशक से जवाब तलब भी किया है।

सोनिया गांधी की विदाई...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उनके द्वारा की गई यह टिप्पणी रही कि भारत जोड़ो यात्रा के बाद उनकी पारी खत्म हो गई है।

क्या वे इस बात के संकेत दे रही थीं कि वे राजनीति से पूरी तरह सेवानिवृत्त हो जायेंगी तथा 2024 में रायबरेली लोकसभा सीट से स्वयं चुनाव न लड़कर, एक अन्य गांधी को यह अवसर देंगी?

सत्र में उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर खड़गे के चुनाव की अभिपुष्टि की। इसके बार पार्टी-संविधान तथा रूल्स ऑफ प्रोसीजर में कुछ परिवर्तन/संशोधन किये गये।

सत्र में संविधान की यह धारा हटा दी गई कि कांग्रेसजनों को खादी ही पहननी होगी। इसके साथ ही, यह धारा भी हटा दी गई कि कांग्रेसजन शराब का सेवन नहीं कर सकेंगे, ताकि शराब का सेवन करने वालों के लिये पार्टी के दरवाजे खुल सकें। लेकिन सत्र में प्रतिनिधियों ने हालांकि कहा कि मादक दृव्यों आदि पदार्थों का सेवन वर्जित है।

कांग्रेस ने सी.डब्ल्यू.सी. की सदस्य संख्या 25 से बढ़ाकर 35 कर दी। इनमें 50 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जातियों, जनजातियों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं और युवाओं के लिए आरक्षित कर दी गई हैं। इन 50 प्रतिशत सीटों की 50 प्रतिशत सीटें युवाओं और महिलाओं के लिये होंगी। चूँकि सी.डब्ल्यू.सी. का कोई चुनाव नहीं हुआ है, इसलिये सभी सदस्य मनोनीत किये जायेंगे।

पूर्व पार्टी अध्यक्ष, पूर्व प्रधानमंत्री, लोकसभा और राज्यसभा के पूर्व नेता कांग्रेस वर्किंग कमेटी के आजीवन सदस्य बनाये जायेंगे। इस संशोधन के जरिये, मल्लिकार्जुन खड़गे के अनुग्रह के बिना ही, सोनिया एवं राहुल गांधी का आजीवन सी.डब्ल्यू.सी. में बने रहना सुरक्षित हो गया है।

कुल मिलाकर, यह सत्र फीका सा ही रहा, जिसमें अधिकांश नेताओं ने रुटीन भाषण ही दिये। जैसा कि प्राय: होता है, कांग्रेस ने आज सुरक्षित किस्म के नेताओं को ही भाषण देने का अवसर दिया, जैसे पार्टी प्रवक्तागण, पी.सी.सी. अध्यक्ष तथा अन्य ऐसे नेता, जो पार्टी विचारधारा एवं सोच के अनुकूल बोलते हैं। ए.आई.सी.सी. तथा पी.सी.सी. सदस्यों को नेतृत्व एवं शेष डेलिगेट्स के सम्मुख अपने विचार व्यक्त करने का अवसर नहीं दिया गया।

पार्टी में आम तौर से यही होता आया है तथा अधिकांश अधिवेशनों में यही प्रथा रही है। लेकिन नई बात यह रही कि अधिकांश वरिष्ठ नेताओं ने भाषण नहीं दिये तथा माइक ज्यादातर युवा नेताओं के सम्मुख ही रहा।

हाई कोर्ट से आप पार्टी को बड़ा झटका व भाजपा को राहत

हाई कोर्ट ने दिल्ली में निगम नगर निगम की स्टैण्डिंग कमेटी के चुनाव दोबारा कराने पर रोक लगाई

- सुनवाई के दौरान दिल्ली हाई कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मेयर बैलेट पेपर, सीसीटीवी फुटेज और उपलब्ध किसी भी अन्य जानकारी को सुरक्षित रखें।

नई दिल्ली, 25 फरवरी। दिल्ली में निगम नगर निगम की स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव दोबारा नहीं होगा। हाई कोर्ट ने कहा कि चुनाव में जो मत डाले गए हैं, उन मतपत्रों को सुरक्षित रखा जाए।

जब दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई चल रही थी, उस दौरान आम आदमी पार्टी के विधायक सौरभ भारद्वाज और एमसीडी मेयर शैली ओबरॉय भी मौजूद थीं। आप की तरफ से वकील राहुल मेहरा पेश हुए। कोर्ट ने राहुल मेहरा से सीधा पूछा कि क्या मेयर के पास फिर से चुनाव कराने के आदेश देने का पावर है? कोर्ट के सवाल के जवाब में वकील ने कहा कि मेयर रिटर्निंग ऑफिसर होता है और उसी का फैसला अंतिम होता है।

गौरतलब है कि, कल दिल्ली में स्टैंडिंग कमेटी का चुनाव हुआ था। बीजेपी ने दावा किया कि आम आदमी पार्टी और बीजेपी के तीन तीन सदस्य चुनाव जीत गए, लेकिन मेयर गलत तरीके से दोबारा चुनाव करवा रही हैं। बीजेपी ने आम आदमी पार्टी पर बेईमानी का आरोप लगाया। वहीं सदन में बीजेपी और आम आदमी पार्टी के पार्षदों के बीच जमकर हंगामा हुआ और हाथापाई भी हुई।

सुनवाई के दौरान दिल्ली हाई कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिया कि मेयर बैलेट पेपर, सीसीटीवी फुटेज और उपलब्ध किसी भी अन्य जानकारी को सुरक्षित रखें।

बीजेपी ने स्टैंडिंग कमेटी के चुनाव में धांधली का आरोप लगाया है। बीजेपी की पार्षद शिखा रॉय और कमलजीत सहरावत ने दिल्ली हाई कोर्ट में इसके खिलाफ अर्जी दाखिल की थी। बता दें कि चुनाव के दौरान मेयर शैली ओबरॉय ने एक वोट अवैध घोषित कर दिया था, जिसका बीजेपी ने विरोध किया।

वहीं इस पूरी घटना पर मेयर शैली ओबेरॉय ने कहा, दिल्ली नगर निगम अधिनियम में कहा गया है कि पीठासीन अधिकारी को किसी भी वोट को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार है। लेकिन इस प्रक्रिया के होने से पहले चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त विशेषज्ञों ने एक शीट पर परिणाम तैयार किया। बाद में जब मैंने चेक किया तो मुझे एक वोट अवैध मिला। जब मैं उस वोट को अवैध घोषित कर रही थी तो भाजपा पार्षदों ने हंगामा किया।

रूस की एफ.ए.टी.एफ. सदस्यता सस्पैंड हुई

वाशिंगटन 25 फरवरी (वार्ता)। अमेरिका में रूस के राजदूत एनाटोली एंटोनोव ने चेतावनी देते हुए कहा है कि फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) से रूस की सदस्यता निलंबित करने से मनी लॉन्ड्रिंग के वैश्विक प्रयासों को काफी नुकसान पहुंच सकता है। अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेने ने शुक्रवार को जारी बयान

- फाइनैंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफ.ए.टी.एफ.) सदस्यता रद्द होने का रूस को सीधे व आर्थिक तौर पर नुकसान उठाना पड़ सकता है।

में एफएटीएफ की सदस्यता से रूस के निलंबन के फैसले को ऐतिहासिक बाताया था। एंटोनोव ने कहा कि पूरी तरह से तकनीकी रूप से बताया जा रहा यह फैसला स्पष्ट रूप से राजनीति से प्रेरित है। यह बेहद गैर जिम्मेदाराना और गैरव्यवसायिक रवैया है। उन्होंने कहा कि रूस ने एफएटीएफ का सदस्य रहते हुए पिछले 20 वर्षों में अपराधों के लिए पैसे के लेन देन पर प्रभावी रोक लगाने को प्रोत्साहन देने में जबरदस्त काम किया है और राष्ट्रीय स्तर पर सबसे प्रभावी एंटी मनी लॉन्ड्रिंग सिस्टम में से एक विकसित किया है।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908